Dainik Bhaskar (Indore), 18th September 2022, Front Page – plus 04

इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने वाले छात्रों का IIT में आज 'ओपन हाउस सत्र'

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर देश के सर्वोच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश लेने की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए रविवार शाम 5 बजे ऑनलाइन 'ओपन हाउस सत्र' आयोजित करेगा। इस वर्चुअल इंटरएक्टिव सत्र में जेईई एडवांस्ड क्वालिफाइड छात्रों और उनके अभिभावकों को विभिन्न इंजीनियरिंग कोर्स की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आईआईटी इंदौर में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। इस सत्र में जेईई एडवांस क्लियर करने वाले छात्रों के हर सवाल का समाधान मिलेगा। विशेषज्ञों की पैनल में एकेडमिक मामलों के डीन, छात्रों से जुड़े मामलों के डीन, अनुसंधान और विकास के डीन, जेईई अध्यक्ष और छात्र जिमखाना के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रस्तुती के बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र भी होगा। छात्र प्रतिनिधि छात्रों के सवालों को कवर करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लिंक आईआईटी इंदौर की वेबसाइट और जोसा पोर्टल पर भी उपलब्ध होगी।